दैनिक न्याय साक्षी



## संपादकीय

# समर का सफर

## आखिरी चरण में बहुत कुछ दांव पर

आखिरकार लंबा-थकाऊ चुनावी समर अपने अंतिम दौर में आ पहुंचा है, जिसमें उत्तर के हिमाचल व पंजाब से लेकर पश्चिम बंगाल तक 59 सीटें दांव पर लगी हैं। राजनीतिक परिदृश्य में ये सीटें कितनी निर्णायक होंगी, कहना जल्दबाजी होगी, मगर इनमें प्रधानमंत्री के चुनाव क्षेत्र वाराणसी से लेकर कई हाई प्रोफाइल सीटों पर प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होना बाकी है। इस बीच कोलकाता में भाजपा अध्यक्ष अमित शाह के रोड शो के दौरान जो हिंसा हुई, उसने लोकतांत्रिक शुचिता के अतिक्रमण की बानगी दिखायी। चुनाव आयोग की कार्रवाई और उसके बाद आरोप-प्रत्यारोपों का लंबा सिलसिला इस आखिरी चरण की कसक बना। चुनाव आयोग के खिलाफ ममता बनर्जी के तेवरों ने अंतिम चरण से पहले ही विपक्ष को एकजुटता का एक मौका जरूर दे दिया। जाहिर है आरोप-प्रत्यारोपों का सिलसिला विशुद्ध राजनीतिक प्रपंच है। वजह यह भी है कि इस अंतिम चरण में ममता बनर्जी के गढ़ की नौ सीटों पर चुनाव होना है जहां उनका भतीजा भी चुनाव लड़ रहा है। भाजपा ने यहां अपनी पूरी ताकत झोंक रखी है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में गोरखपुर की हाई प्रोफाइल सीट के अलावा जिन तेरह सीटों पर इस दौर में मतदान होना है, वे सभी पिछले चुनाव में भाजपा के हिस्से आई थीं, जहां सपा-बसपा के गठजोड़ के अलावा कांग्रेस भी कुछ सीटों पर चुनौती दे रही है। बिहार में पटना साहिब हाई प्रोफाइल सीट है जहां भाजपा से बगावत करके कांग्रेस में आये फिल्मी सितारे शत्रुघ्न सिन्हा और केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद के बीच मुकाबला है। इसी तरह पाटलिपुत्र सीट से लालू यादव की बेटी मीसा यादव भाजपा के रामकृपाल यादव से मुकाबले में हैं। चंडीगढ़ की चर्चित सीट पर अभिनेत्री किरण खेर के मुकाबले उतरे पूर्व केंद्रीय मंत्री पवन कुमार बंसल दमखम ठोक रहे हैं वहीं गुरदासपुर सीट पर सन्नी देओल किस्मत आजमा रहे हैं।

अंतिम चरण की प्रचार मुहिम में जहां पश्चिम बंगाल का विवाद सुर्खियां बना, वहीं भोपाल से भाजपा प्रत्याशी प्रज्ञा ठाकुर के नाथूराम गोडसे के राष्ट्रभक्त होने संबंधी विवाद ने भाजपा को असहज कर दिया। जहां पार्टी ने प्रज्ञा के बयान से खुद को अलग किया वहीं दबाव में प्रज्ञा को माफी भी मांगनी पड़ी। हालांकि, प्रज्ञा ठाकुर ने यह जवाब अभिनेता से राजनेता बने कमल हासन के उस बयान के बाद दिया, जिसमें नाथूराम गोडसे को आजाद भारत का पहला आतंकवादी कहा गया था।?हालांकि, प्रज्ञा ठाकुर के बयान से समहत नहीं हुआ जा सकता मगर कमल हासन का बयान भी बेहद गैर जिम्मेदाराना था। हालांकि कमल हासन ने बाद में अपने बयान पर सफाई दी। हासन का बयान वैचारिक दरिद्रता की ही निशानी कहा जायेगा। इसमें दो राय नहीं कि कुछ लोग महात्मा गांधी के विचारों से असहमति रख सकते हैं, लेकिन उनके हत्यारे का गुणगान किसी भी सभ्य समाज की मान्यताओं के अनुरूप नहीं कहा जा सकता। मामले में विवाद बढ़ता देख भाजपा अध्यक्ष अमित शाह ने प्रज्ञा ठाकुर व केंद्रीय मंत्री अनंत हेगड़े को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मगर उनके बयान ने विपक्ष को भाजपा पर हमला करने का मौका तो जरूर दे दिया। इससे पहले वह मुंबई में आतंकी हमले में मारे गये पुलिस अधिकारी हेमंत करकरे पर अप्रिय बयान दे चुकी हैं। जो राजनीतिक दलों को संदेश देता है कि जिस?भी व्यक्ति को अपने दल में शामिल कीजिए, मगर उसे पार्टी की बुनियादी नीतियों की समझ तो जरूर होनी चाहिए। बहरहाल, अंतिम चरण के मतदान से पूर्व ही विपक्षी दलों के अपने-अपने दावे नई सरकार के गठन को लेकर सामने आने लगे हैं। कांग्रेस ने जहां चुनाव परिणाम वाले दिन ही विपक्षी दलों की बैठक बुलाई है, वहीं दक्षिण भारत के विपक्षी दलों द्वारा तीसरा विकल्प तलाशने के नये समीकरण सामने आ रहे हैं।

# जेट एयरवेज पर सप्ताह भर में साफ होगी तस्वीर :एसबीआई प्रमुख



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** वित्तीय संकट के कारण अस्थाई तौर पर परिचालन बंद कर चुकी एयरलाइन जेट एयरवेज के भविष्य को लेकर उद्योग के कुछ अनुभवी लोगों को इसके दोबारा पटरी पर लौटने की उम्मीद धूमिल लग रही है, लेकिन भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के अध्यक्ष रजनीश कुमार आशावादी हैं और उनका कहना है कि एक सप्ताह के भीतर तस्वीर साफ हो जाएगी। एसबीआई प्रमुख ने बताया, विभिन्न विकल्पों का मूल्यांकन किया जा रहा है। कानूनी राय भी ली जा रही है। कई निवेशकों ने दिलचस्पी दिखाई है। हमें यह देखना है कि क्या उनके पास पैसे व साधन हैं। मेरा मानना है कि एक सप्ताह के भीतर तस्वीर साफ हो जाएगी। उनसे जब यह पूछा गया कि क्या ये निवेशक उनसे अलग हैं, जिन्होंने अनपेक्षित पेशकश की थी, तो कुमार ने कहा कि कुछ हैं, लेकिन उनकी गंभीरता परखनी होगी। एसबीआई की अगुवाई में जेट एयरवेज के ऋणदाता इस समय अपने 8,400 करोड़ रुपये के बकाये की वसूली के लिए एयरलाइन बेचने की प्रक्रिया में जुटे हैं। बोलीदाताओं के रूप में प्राइवेट इक्विटी फर्म टीपीजी कैपिटल, इंडिगो पार्टनर्स, नेशनल इन्वेस्टमेंट एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड (एनआईआईएफ) और एतिहाद एयरवेज की संक्षिप्त सूची बनाई गई है। इन कंपनियों ने अपने एक्सप्रेशन ऑफ इंटेरेस्ट (ईओआई) पेश किए हैं। लेकिन बाध्यकारी निविदा सौंपने की अंतिम तिथि 10 मई को सिर्फ एतिहाद ने अपनी पेशकश की और उसने भी आखिरी वक्त में पेशकश की। एयरलाइन के लिए प्राप्त अन्य दो निविदाएं अनपेक्षित थीं। हालांकि अन्य कर्जदाता विभिन्न प्रस्तावों का पुनरीक्षण कर रहे हैं, लेकिन जेट के अधिकांश शीर्ष स्तर के एग्जिक्यूटिव ने अपना इस्तीफा दे दिया है। निजी कारणों का जिक्र करते हुए इस्तीफा देने वालों में कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ), मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) और कंपनी सेक्रेटरी शामिल हैं। जेट के एक पूर्णकालिक निदेशक गौरांग शेट्टी के इस्तीफे के शीघ्र बाद बोर्ड में एतिहाद के नामित रॉबिन कर्माक ने 16 मई को पद छोड़ दिया।

## विदेशी मुद्रा भंडार एक साल से अधिक के उच्चतम स्तर पर

**मुंबई (आरएनएस)।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार तीसरी साप्ताहिक वृद्धि दर्ज करता हुआ 10 मई को समाप्त सप्ताह में 1.37 अरब डॉलर बढ़कर एक साल से अधिक के उच्चतम स्तर 420.05 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इससे पहले तीन मई को समाप्त सप्ताह में यह 17.19 करोड़ डॉलर बढ़कर 418.68 अरब डॉलर पर और 26 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में यह 4.37 अरब डॉलर बढ़कर 418.51 अरब डॉलर पर रहा था। इस बार विदेशी मुद्रा भंडार 1.37 अरब डॉलर बढ़कर 27 अप्रैल 2018 के बाद के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

रिजर्व बैंक द्वारा शुक्रवार को जारी आँकड़ों के अनुसार, 10 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 1.36 अरब डॉलर बढ़कर 392.23 अरब डॉलर पर पहुँच गया।

## एक्जिट पोल और चुनाव परिणाम से तय होगी बाजार की चाल



**मुम्बई (आरएनएस)।** बीते सप्ताह हरे निशान में लौटे घरेलू शेयर बाजार पर आगामी सप्ताह सबसे अधिक एग्जिट पोल और चुनावी परिणाम का असर दिखेगा। इसके अलावा डॉलर की तुलना में रुपये की स्थिति, कच्चे तेल की कीमत और वैश्विक रुख भी निवेश धारणा को प्रभावित करेंगे। आलोच्य सप्ताह में घरेलू शेयर बाजार लगातार तीन सप्ताह की गिरावट से उबरने में कामयाब रहे। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1.25 प्रतिशत यानी 467.78 अंक की साप्ताहिक बढ़त में 37,930.77 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 128.25 अंक यानी 1.14 प्रतिशत की तेजी में 11,407.15 अंक पर बंद हुआ। दिग्गज कंपनियों के विपरीत छोटी और मंझोली कंपनियों को आलोच्य सप्ताह में बिकवाली का दबाव झेलना पड़ा। बीएसई का मिडकैप 81.40 अंक यानी 0.57 प्रतिशत की गिरावट में 14,308.36 अंक पर और स्मॉलकैप 1.55 प्रतिशत यानी 218.59 अंक की गिरावट में 13,887.14 अंक पर बंद हुआ।

## आपकी ऑनलाइन खरीदारी पर नजर रख रहा गूगल



**सैन फ्रांसिस्को (आरएनएस)।** गूगल आपके निजी जीमेल अकाउंट पर भेजी गई खरीद रिसीप्ट के माध्यम से आपके द्वारा की गई प्रत्येक ऑनलाइन खरीदारी पर नजर रखता है।

यह जानकारी यूजर्स के लिए निजी वेब टूल के माध्यम से उपलब्ध है। कंपनी का दावा है कि वेब टूल आपके डाटा को गोपनीय रखता है। गूगल ने हालांकि जोर देकर कहा कि वह इस जानकारी का उपयोग व्यक्तिगत विज्ञापन के लिए नहीं करता है। कंपनी ने साल 2017 में कहा था कि वह जीमेल मैसेजों से इकट्ठे हुए डाटा का उपयोग व्यक्तिगत विज्ञापनों में करना बंद कर देगी। गूगल ने द वर्ज से एक बयान में कहा, आपको एक स्थान पर आपकी खरीदारी, बुकिंग या सब्सक्रिप्शन पर आसानी से निगरानी रखने में सहायता करने के लिए हमने एक व्यक्तिगत केंद्र बनाया है जिसे सिर्फ आप देख सकते हैं।

कंपनी ने आगे कहा, आप यह जानकारी कभी भी डिलीट कर सकते हो। हम आपको विज्ञापन देने के लिए आपके जीमेल अकाउंट से ईमेल रिसीप्ट और पर्चेज पेज पर कनफर्मेशन मैसेज समेत किसी भी जानकारी का उपयोग नहीं करते हैं। गूगल ने हालांकि यह नहीं कहा कि यह टूल कितने समय से एक्टिव है।

### (रोम)इटैलियन ओपन : जोकोविच और नडाल भिड़ेंगे 54वीं बार

रोम ,19 मई (आरएनएस)। (एएफपी) नोवाक जोकोविच और राफेल नडाल इटैलियन ओपन के फाइनल में एक दूसरे के आमने सामने होंगे तथा दोनों के बीच यह 54वीं भिड़ंत होगी। जोकोविच ने अर्जेंटीना के डिएगो श्वार्ट्जमैन को दो घंटे 31 मिनट में 6-3 6-7 6-3 से शिकस्त दी और अब उनका सामना रविवार को गत चैम्पियन नडाल से होगा। सत्रह बार के ग्रैंडस्लैम विजेता नडाल ने यूनान के स्टेफानोस सिटसिपास को 6-3 6-4 से मात देकर अपने 50वें मास्टर्स फाइनल में प्रवेश किया था।

## चंदा कोचर व पति की परेशानी बढ़ा सकते हैं 20 सवाल



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व सीईओ व प्रबंध निदेशक चंदा कोचर और उनके पति दीपक कोचर ईडी द्वारा उनसे पूछे गए 100 सवालों में से 20 सवालों के संतोषप्रद जवाब देने में विफल रहे। जांच एजेंसी के सूत्रों ने बताया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की तहकीकात में 13 मई से लेकर अगले पांच दिनों तक 60 घंटे से अधिक समय तक की गई पूछताछ के दौरान उनसे 100 सवाल किए गए, जिनमें से 20 सवालों के संतोषप्रद जवाब देने में वे विफल रहे। ईडी वीडियोकॉन के 1,875 करोड़ रुपये के मामले में कोचर दंपति से पूछताछ कर रही है। मामला वर्ष 2009 और 2011 के दौरान आईसीआईसीआई बैंक द्वारा वीडियोकॉन समूह को कर्ज की राशि को मंजूरी प्रदान करने में बरती गई कथित अनियमितता से जुड़ा है। एजेंसी के सूत्रों ने बताया कि दिल्ली के खान मार्केट स्थित ईडी मुख्यालय में दंपति से की गई पूछताछ के दौरान वे 20 सवालों के अपने जवाब के पक्ष में प्रामाणिक सबूत पेश नहीं कर पाए।

## वर्ल्ड कप में भारत-इंग्लैंड संयुक्त रूप से मेरे दूसरे फेवरिट : गौतम गंभीर



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** 2011 वर्ल्ड कप के फाइनल मुकाबले में टीम इंडिया ने जीत दर्ज की थी। भारत को दूसरी बार वर्ल्ड चैंपियन बनाने में महेंद्र धोनी के साथ-साथ गौतम गंभीर की 97 रन की पारी का भी अहम योगदान था। श्री लंका के खिलाफ खेले गए इस खिताबी मुकाबले में एक वक्त मुश्किल में फंस चुकी टीम इंडिया गंभीर ने धोनी के साथ मिलकर संभाला था। अब क्रिकेट छोड़ राजनेता बने गौतम गंभीर ने इंग्लैंड में आयोजिन होने वाले आगामी वर्ल्ड कप पर खुलकर अपनी राय रखी है। पेश हैं गंभीर से हुई इस चर्चा के खास अंश...


**वर्ल्ड कप फाइनल में आपकी 97 रन की पारी ने भारत की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई....**

हम सभी वर्ल्ड कप जीतने का सपना देख रहे थे। वह हमारे पास सुनहरा मौका था। हम इसे अपने हाथ से जाने देना नहीं चाहते थे। जब मैं बैटिंग के लिए क्रीज पर आया, तब हमारा स्कोर 0 रन पर 1 विकेट था। बतौर नंबर 3 बल्लेबाज मेरा यह काम था कि मैं पारी को संभालू और उसे मजबूत स्थिति में लेकर जाऊं। मैंने बस यही किया था।

**तब क्रीज पर कोई चिंताजनक क्षण था?**

मुझे चिंता करने के लिए कोई पल नहीं मिला, क्योंकि जैसे ही हमारी पारी शुरू हुई हमने शुरुआत में ही वीरेंदर सहवाग का विकेट गंवा दिया। अब मेरे पास मैच की स्थिति को गहराई से सोचने का समय नहीं था, इससे मुझे अपना स्वभाविक खेल खेलने में मदद भी मिली।

## सोना 85 रुपये लुढ़का, चांदी 570 रुपये सस्ती



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** वैश्विक स्तर पर दोनों कीमती धातुओं के दाम में रही गिरावट के बीच घरेलू जेवराती ग्राहकी घटने से बीते सप्ताह दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना 85 रुपये की साप्ताहिक गिरावट में 32,870 रुपये प्रति दस ग्राम पर आ गया। इस बीच औद्योगिक मांग कमजोर पड़ने से चाँदी भी 570 रुपये उतरकर 37,600 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गयी।बाजार विश्लेषकों के मुताबिक दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर की मजबूती से सोने की मांग पर विपरीत असर पड़ा। लंदन एवं न्यूयॉर्क से मिली जानकारी के अनुसार, वहाँ सोना हाजिर गत सप्ताह 8.50 डॉलर की साप्ताहिक गिरावट के साथ शुक्रवार को 1,277.25 डॉलर प्रति औंस पर आ गया।

## आज का राशिफल

**मेषः-** लाभ के अवसर हाथ आएंगे। कानूनी अड़चन दूर होगी। दांपत्य जीवन सुखमय व्यतीत होगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। कारोबार अच्छा चलेगा।

**वृषः-** स्थायी संपत्ति के कार्य कोई बड़ा लाभ दे सकते हैं। प्रॉपर्टी ब्रोकर्स के लिए शुभ समय है। रोजगार में वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा।

**मिथुनः-** पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बन सकता है। मनोरंजन का अवसर प्राप्त होगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। लेखन व पठन-पाठन के कार्य में ध्यान लगेगा।

**कर्कः-** जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। विवाद को बढ़ावा न दें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है। किसी बुरी सूचना के मिलने से खिन्नता रहेगी।

**सिंहः-** पहले की गई मेहनत का फल प्राप्त होगा। समय पर धन प्राप्त होगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता व उत्साह में वृद्धि होगी। मित्रों तथा रिश्तेदारों की सहायता का अवसर प्राप्त होगा।

**कन्याः-** उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। आत्मसम्मान बना रहेगा। शत्रु सक्रिय रहेंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा।

**तुलाः-** बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा लाभदायक रहेगी। कार्यसिद्धि होगी। आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी।

**वृश्चिकः-** अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है। कर्ज लेना पड़ सकता है। दूसरों से अपेक्षा न करें।


**धनुः-** रुका हुआ पैसा मिलने की संभावना है, प्रयास भरपूर करें। सामाजिक कार्यों में रुचि रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा।

**मकरः-** योजना फलीभूत होगी। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**कुंभः-** अध्यात्म में रुचि रहेगी। दान-पुण्य पर व्यय होगा। मानसिक शांति रहेगी। आय में वृद्धि होगी। कोर्ट-कचहरी तथा सरकारी कार्यालयों में सफलता प्राप्त होगी।

**मीनः-** कार्यसिद्धि के लिए अधिक प्रयास करना पड़ सकते हैं। वाहन व मशीनरी आदि के प्रयोग में जल्दबाजी व लापरवाही से शारीरिक हानि हो सकती है।

## टेस्टी पिज़्ज़ा बनाने की विधि ...



पिज्जा देखते ही बच्चों से लेकर बड़ों के मुंह में पानी आ जाता है. ये होता ही इतना टेस्टी है कि कोई भी रोक नहीं पाटा खुद को. आप घर पर ही आसानी से पिज्जा बनाकर खा सकते है. आज हम आपको ब्रोकली पिज्जा की रेसिपी बताने जा रहे हैं, जो खाने में स्वादिष्ट होने के साथ-साथ हेल्दी भी होगा.

### सामग्रीः

पिज्जा बेस- 1, प्याज- 1ब्रोकोली- 1,1/2 कप (उबली और कटी हुई), वर्जिन ऑलिव ऑयल- 1,1/2 टेबलस्पून, नमक- जरूरत अनुसार, शेडडर चीज- 2 कप, लहसुन का पेस्ट- 1 कली, मरिनारा सॉस- 1/4 कप

### विधि-

सबसे पहले ओवन को 400 डिग्री सेल्सियस पर प्रहीट करें. तब तक आप प्याज को गोलाई आकार में काट लें. बाउल में डेढ़ टेबलस्पून वर्जिन ऑलिव ऑयल और लहसुन के पेस्ट को मिक्स करें. फिर इस मिश्रण को पिज्जा बेस पर लगाएं और इसे 10 मिनट तक बेक करें. इसके बाद पिज्जा बेस पर चीज लेयर फैलाएं. फिर इस पर ब्रोकली, नमक और कटे हुए प्याज डालें. अब पिज्जा बेस को ओवन में 15 मिनट तक बेक कर लें. जब चीज मेल्ट हो जाए तो इसे बाहर निकाल लें. ओवन से बाहर निकालने के बाद आप इसे 6 स्लाइस में काट लें. आपका पिज्जा बनकर तैयार है. अब आप इसे मरिनारा सॉस के साथ गर्मा-गर्म सर्व करें.

## शब्द सामर्थ्य-69

**बाएं से दाएं**

1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

**ऊपर से नीचे**

1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शकर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 12ए | ■ | 13 | | 14 | ■ | 15 |
| | ■ | 16 | | | ■ | 17 | | |
| 18 | 19 | | ■ | 20 | 21 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 22 | | | ■ | 23 | | | ■ | 24 |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 68 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | सं | द | ■ | सिं | हा | स | न | ■ |
| ख | ■ | म | ज | दू | र | ■ | का | म |
| वा | द | क | ■ | र | ■ | सं | ब | ल |
| ड़ | ■ | ल | ज्जा | ■ | म | स्का | ■ | र |
| ■ | बा | ■ | ■ | बि | हा | र | ■ | ■ |
| सु | धा | क | र | ■ | न | ■ | ■ | औ |
| रं | ■ | म | ■ | कि | ता | ब | ■ | स |
| ग | ■ | अ | र | सा | ■ | हु | ज्ज | त |
| ■ | श | क्ल | ■ | न | मि | त | ■ | न |

## सू-दोकू- 69

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.68 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |